# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

-: विज्ञापन :-

क्र. /2070/ स्था. / वि.स.नि. / 2023 सारंगढ़, दिनांक 11/07/ 2023

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक / 241 / स्था / वि.स.नि. / 2023 / 1651 रायपुर, दिनांक 11.05.2023 के द्वारा जिले के निर्वाचन कार्यालय एवं विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) कार्यालय हेतु सहायक ग्रेड-03 (संविदा) के 05 पद एवं भृत्य के 04 पद (कलेक्टर दर पर) दिनांक 01.06.2023 से 30.11.2023 तक कुल 06 माह के लिए स्वीकृति प्रदान करने के फलस्वरूप रिक्त संविदा / कलेक्टर दर पदों हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले योग्य अभ्यर्थियों से **दिनांक 12.07.2023 से 14.07.2023 को दोपहर 3:00 बजे** तक स्थान कार्यालय कलेक्टर, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :-

(A) **पद - सहायक ग्रेड-3 (संविदा) दिनांक 01.06.2023 से 30.11.2023 तक (छः माह के लिये)**

| क्रं. | श्रेणी / वर्ग | श्रेणी / वर्गवार पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | |
| 1. | अनारक्षित | 1 | 1 | - | - | 2 |
| 2. | अनुसूचित जाति | 1 | - | - | - | 1 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति | 1 | - | - | - | 1 |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | - | - | - | 1 |
| | योग | 4 | 1 | - | - | 5 |

(B) **पद - भृत्य (कलेक्टर दर) - दिनांक 01.06.2023 से 30.11.2023 तक (छः माह के लिये)**

| क्रं. | श्रेणी / वर्ग | श्रेणी / वर्गवार पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | |
| 1. | अनारक्षित | 1 | - | - | - | 1 |
| 2. | अनुसूचित जाति | 1 | - | - | - | 1 |
| 3. | अनुसूचित जनजाति | 1 | - | - | - | 1 |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | - | - | - | 1 |
| | योग | 4 | - | - | - | 4 |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता एवं वेतनमान :-**

1. **सहायक ग्रेड 03 पद हेतु :-**
   - (अ) वेतनमान - संविदा वेतन 14200/- रूपये एकमुश्त
   - (ब) शैक्षणिक योग्यता -
     1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।

        अथवा

        पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातकपाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
     2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा
     3. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् प्रमाण पत्र तथा
     4. कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)

2. **भृत्य :-**
   - (अ) वेतनमान - कलेक्टर दर
   - (ब) शैक्षणिक योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा पॉचवी की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**A. आवेदन पत्र के संबंध में दिशा-निर्देश :-**

I. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में होना अनिवार्य है तथा आवेदन पत्र पर 1 पासपोर्ट आकार का स्व-प्रमाणित फोटो चस्पा करना तथा आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करना होगा :-

1. आयु संबंधी प्रमाण पत्र या दसवीं की अंकसूची।
2. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता, संबंधित डिग्री/डिप्लोमा (समस्त वर्षो की अंकसूची)
3. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।
5. मूल निवास प्रमाण पत्र।
6. कम्प्यूटर सर्टिफिकेट किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।
7. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद प्रमाण पत्र।
8. अन्य।

II. उक्त पद में पंजीयन के समय आवेदक मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता संबंधित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां एवं पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र अनिवार्यतः अपने साथ लेकर आवें।

III. उक्त पदों में भर्ती हेतु उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र मय दस्तावेंजो के साथ निर्धारित तिथि दिनांक 12.07.2023 से 14.07.2023 तक को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5 के बीच में उपस्थित होकर **कार्यालय कलेक्टर जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)** में प्रस्तुत करे। सायं 5:00 बजे के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रो पर विचार नहीं किया जावेगा।

IV. प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी/जांच कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की दावा आपत्ति सूची पदवार सूचना पटल पर दिनांक 14.07.2023 को सायं 5 बजे चस्पा किया जावेगा।

V. दावा/आपत्ति हेतु प्रकाशित पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की दावा आपत्ति की सूची में दिनांक 18.07.2023 को कार्यालय कलेक्टर जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) में प्रातः 10:00 बजे से सायं 3 बजे तक उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगें। प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण उपरान्त अंतिम वरीयता सूची दिनांक 18.07.2023 को सायं 5 बजे कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित किया जावेगा तथा मेरिट आधार पर नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों को आगामी तिथि को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होनें आहूत किया जायेगा, जिसकी सूची एवं सूचना कार्यालय कलेक्टर जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के सूचना पटल में दिनांक 19.07.2023 को चस्पा किया जावेगा। पृथक से पत्राचार नहीं किया जावेगा।

VI. आवेदन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी उपरांत आवेदित पद सहायक ग्रेड-3 हेतु पात्र अभ्यर्थियों को अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता के मेरिट के आधार पर 1 पद के विरूध्द 05 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में उपस्थित होने हेतु मेरिट सूची, सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा तथा अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का 60 प्रतिशत, कौशल परीक्षा का 30 प्रतिशत तथा निर्वाचन कार्य संबंधी अनुभव का अधिकतम 10 अंक (एक अनुभव प्रमाण पत्र का 5 अंक, एक से अधिक अनुभव प्रमाण पत्र का 10 अंक) कुल 100 अंक के आधार पर वरीयता सूची बनाई जावेगी।

VII. सहायक ग्रेड-3 के पद हेतु कौशल परीक्षा दिनांक 20.07.2023 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सारंगढ़ में आयोजित की जायेगी।

VIII. कार्य अनुभव के संबधं में निर्वाचन कार्य का अनुभव मात्र मान्य होगा तथा अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।

IX. वरीयता सूची में मेरिट क्रम आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची कार्यालयीन सूचना पटल में दिनांक 24.07.2023 को उपलब्ध कराई जावेगी।

X. अभ्यर्थियों को आवेदित पदो के पंजीयन हेतु उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

XI. आवेदक को छ0ग0 का मूल निवासी होना चाहिए।

XII. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे।

XIII. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है।

XIV. आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में निर्धारित तिथि परिवर्तनीय है।

XV. डाक या कुरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**B. चयन प्रक्रिया :-**

1. **सहायक ग्रेड-3 पद हेतु** -

कुल 100 प्रतिशत में से अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का अधिभार (वेटेज) 60 प्रतिशत, कौशल परीक्षा का अधिभार (वेटेज) 30 प्रतिशत एवं निर्वाचन संबंधी कार्य अनुभव का अधिकतम 10 (एक अनुभव प्रमाण पत्र का 5 अंक, एक से अधिक अनुभव प्रमाण पत्र का 10 अंक) होगा। शैक्षणिक अर्हता, कार्य अनुभव एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको का योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

2. **भृत्य पद हेतु** -

कुल प्रतिशत में से अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का अधिभार (वेटेज) 90 प्रतिशत एवं निर्वाचन संबंधी कार्य अनुभव का अधिकतम 10 (एक अनुभव प्रमाण पत्र का 5 अंक, एक से अधिक अनुभव प्रमाण पत्र का 10 अंक) होगा। शैक्षणिक अर्हता, कार्य अनुभव में प्राप्त अंको का योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

यदि किसी आवेदक को पांचवी कक्षा की अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का ग्रेडिंग चार्ट पूर्णाक पर ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जायेगा।

यदि एक से अधिक उम्मीद्वारों के कक्षा 5 वी का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में आयु में जो उम्मीदवार वरिष्ठ होगा, वह चयन हेतु पात्र होगी।

शैक्षणिक अर्हता, कार्य अनुभव में प्राप्त अंको के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

**C. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा निर्देश :-**

1. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। अजा/अजजा/अपिव वर्ग, महिला एवं संविदा पर नियुक्त अभ्यर्थी को राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।
2. प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर स्क्रीनिंग के लिये कुल विज्ञापित, रिक्त पदों का 05 गुना, अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहुत किया जा सकेगा अथवा चयन समिति समस्त योग्य अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा लेने हेतु स्व-निर्णय लेने स्वतंत्र होंगे।
3. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जायेगी। इसमें सही पाए जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
4. संविदा मानदेय/कलेक्टर दर :- संविदा/सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा तथा कलेक्टर दर जिले में निर्धारित कलेक्टर दर अनुसार होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
5. उपरोक्त संविदा अवधि 01.06.2023 से 30.11.2023 (केवल छः माह) अथवा नियुक्ति दिनांक से 30.11.2023 तक के लिए होगी। उसके पश्चात् यह पद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।
6. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्यागपत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जावेगा।
7. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उक्त संविदा पद अस्थानान्तरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
9. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किए जायेंगे।
10. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्ति रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

11. उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
12. चयन प्रक्रिया में किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
13. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो, उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
14. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
15. विज्ञापन एवं अन्य विवरण कार्यालय कलेक्टर जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के सूचना पटल/अनुविभागीय अधिकारी (रा)/तहसील कार्यालय एवं जिले के फेसबुक पेज Sarangarh-Bilaigarh Pro पर प्रकाशित किया जावेगा।

**कलेक्टर एवं**
**जिला निर्वाचन अधिकारी**
**जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

# <u>सहायक वर्ग-3 एवं भृत्य के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

प्रति,

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

फोटो चस्पा करें
(स्वयं के द्वारा
सत्यापित)

01. आवेदित पद का नाम :– ------------------------------

02. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ------------------------------

(अंग्रेजी कैपिटल लेटर में) :– ------------------------------

03. पिता / पति का नाम :– ------------------------------

04. जन्म तिथि – (अ) अंको में :– ------------------------------

(ब) शब्दो में :– ------------------------------

(स) दिनांक 01.01.2023 को आयु :– वर्ष ------- माह ------- दिन ------

05. लिंग – (पुरूष / महिला / तृतीय लिंग) :– ------------------------------

06. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

07. पत्र व्यवहार का वर्तमान पूर्ण पता :– ------------------------------

------------------------------

------------------------------

08. स्थायी पता :– ------------------------------

------------------------------

09. दूरभाष / मोबाईल नंबर :– ------------------------------

10. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित प्रति संलग्न करें) :– --------------------

11. क्या आप शासन द्वारा मान्य अजा / अजजा / अपिव के सदस्य हैं? यदि हां तो वर्ग लिखें एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) :– --------------------

12. क्या आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी है? (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे) :– --------------------

13. क्या आवेदक विवाहित है? हां / नहीं :– --------------------

(अ) यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :– --------------------

(ब) जीवित संतान की संख्या :– --------------------

(स) यदि दो से अधिक जीवित संतान है, तब अंतिम संतान की जन्मतिथि :– --------------------

14. यदि आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत हो तो विवरण (नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– --------------------

15. निर्वाचन कार्य का अनुभव :– --------------------

(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे) :– --------------------

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :– 01– ..............................,

02– .............................., 03– .............................. 04– ..............................,

05– .............................., 06– .............................. 07– ..............................

दिनांक :– ----------

स्थान :– ----------

मो0नं0 :– ----------

**आवेदक के हस्ताक्षर एवं नाम**

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि झूठी पायी जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक :– ----------

स्थान :– ----------

**आवेदक के हस्ताक्षर**